an>

Title: Need to set up branches of Nationalised Banks at Kusai and Shyaroll in Tonk-Sawai Madhopur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला सवाई माधोपुर के तहसील गंगापुर सिटी के लगभग 30 गांवों की यह मांग है कि ग्राम कुशाय और ग्राम शहरौली में एक सरकारी बैंक खोला जाए। दोनों गांवों के बीच की दूरी लगभग 10 कि.मी. है और इन गांवों में लगभग 20000 की आबादी है। वहां पर किसी सरकारी बैंक या गैर-सरकारी बैंक की शाखा नहीं है जिसके कारण कुशाय और शहरौली के साथ साथ आसपास के सभी पेंशनभोगी और सभी विभागों के सरकारी कर्मचारी और गैर-सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह लेने के लिए गंगापुर सिटी जाना पड़ता है जिससे कि उनको समय के साथ साथ आर्थिक हानि भी होती है। इस विÂषय में मुझे लगभग 30 ग्राम पंचायतों ने आवेदन भी दिये हैं और सबने मांग भी दी है। राजस्थान प्रदेश के मुख्य मंत्री जी की एक बहुत ही लोकप्रिय योजना भामाशाह के नाम से अपने शासनकाल में शुरु की गई है। उसका ऑनलाइन पैसा बैंकों में आता है। अध्यक्ष महोदया, जब बुजुर्ग अपनी पेंशन लेने जाते हैं तो उन्हें अपने साथ किसी मोटरसाइकिल वाले को साथ ले जाना पड़ता है, वह भी उनसे 100 रुपये या 200 रुपये ले लेता है और उनको पूरे पैसे नहीं मिल पाते हैं।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि वहां पांच हजार लोगों की बड़ी आबादी है, एक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे देश में बैंकिंग की समस्या हो रही है, सभी जगह बैंक की सुविधा हो जाये ताकि आम आदमी को बैंक की सुविधा मिल सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।